सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-104
24/02/2018

मुजफ्फरपर में सड़क हादसे में हुये बच्चों की मौत पर मुख्यमंत्री मर्माहत, पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की

पटना, 24 फरवरी 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर थाना क्षेत्र के धर्मपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के निकट अनियंत्रित वाहन से हुये सड़क हादसे में बच्चों की मौत पर गहरी दुख एवं संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना काफी दुखद है। उन्होंने कहा कि घटना की जॉच करायी जायेगी और जॉच के पश्चात् समूचित कार्रवाई की जायेगी। मुख्यमंत्री ने इस हादसे में मृत हुये हर बच्चे के परिवार को 4–4 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान अविलंब देने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने इस हादसे में घायल हुये बच्चों के समुचित इलाज का निर्देश दिया है और कहा है कि घायल बच्चों को बेहतर चिकित्सा की आवश्यकता पड़ने पर भी राज्य सरकार सभी खर्च वहन करेगी। मुख्यमंत्री ने घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

****